In the News

Publication: **India TV** | Date: **05/07/2021** | City: **New Delhi**

Reliance Nippon Life ने की बोनस देने की घोषणा, 6.85 लाख पॉलिसीधारकों को मिलेगा फायदा

वित्त वर्ष 2020-21 के लिए कंपनी के प्रतिभागी पॉलिसीहोल्डर्स द्वारा अर्जित लाभ में से इस बोनस का भुगतान किया जाएगा।

नई दिल्ली। प्राइवेट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस ने सोमवार को 2020-21 के लिए अपने प्रतिभागी पॉलिसीहोल्डर्स के लिए 306.88 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है। कंपनी ने बताया कि इस बोनस से उसके 6,85,000 प्रतिभागी पॉलिसीहोल्डर्स को लाभ मिलेगा।

कंपनी ने कहा कि 31 मार्च, 2021 तक लागू सभी प्रतिभागी पॉलिसियों पर घोषित बोनस का भुगतान किया जाएगा। रिवर्सनरी बोनस के साथ वाली पॉलिसियों में यह मृत्यु और परिपक्वता पर गारंटी लाभ में वृद्धि होगी। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए कंपनी के प्रतिभागी पॉलिसीहोल्डर्स द्वारा अर्जित लाभ में से इस बोनस का भुगतान किया जाएगा। 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी को 50 करोड़ रुपये का कर पश्चात लाभ हुआ है।

रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस, रिलायंस कैपिटल और निप्पन लाइफ इंश्योरेंस, जापान के बीच एक संयुक्त उद्यम है। 31 मार्च, 2021 तक इसकी कुल असेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 24,383 करोड़ रुपये और कुल सम एश्योर्ड 78,847 करोड़ रुपये थी। कंपनी का दावा निस्तारण अनुपात 98.48 प्रतिशत है।